# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 08.06.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. प्रधानमंत्रो नरेन्द्र मोदी ने कहा– सरकार ने पिछले 11 वर्षों में देश की प्रगति में महिलाओं की निर्णायक भूमिका की तय।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत औरैया सहित चार जिलों में मक्का की फसलों का किया हवाई सर्वे : कहा– केन्द्र और प्रदेश सरकार किसानों को समृद्ध बनाने के लिए कर रही हैं काम।
3. बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर में किया दर्शन–पूजन : कहा– अयाध्या से सीतामढ़ी–जनकपुर कॉरीडोर बनने से भक्तों को मिलेगी सुविधा।

और

4. प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों का 10 से 14 जून तक ऑनलाइन माध्यम से किया जायेगा स्थानान्तरण।

———————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत को विकसित बनाने में नारी–शक्ति की परिवर्तनकारी भूमिका होगी, इसलिए सरकार पिछले ग्यारह वर्षों से महिलाओं के नेतृत्व पर अधिक ध्यान दे रही है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के अवसर पर सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि एनडीए सरकार ने विकास में महिलाओं की सशक्त भूमिका के लिए कई महत्वपूर्ण पहलें की हैं। इनमें स्वच्छ भारत अभियान, जन–धन खातों के ज़रिए वित्तीय समावेशन और ज़मीनी स्तर पर महिलाओं का सशक्तिकरण करना शामिल हैं।

——————————

देश में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित इस एक दशक में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं। आकाशवाणी समाचार पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष प्रसारण लेकर आया है। इसो श्रृंखला में आज प्रस्तुत है नारी शक्ति की यात्रा पर केन्द्रित यह विशेष रिपोर्ट...

*पिछले दशक में, महिला सशक्तिकरण के प्रति भारत के दृष्टिकोण में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। सरकार की प्रमुख पोषण योजना मिशन पोषण का दूसरा चरण बच्चों, किशोरियों और माताओं पर केंद्रित है। इसका मुख्य हिस्सा पोषण अभियान है, जिसे 2018 में शुरू किया गया था। दो लाख से ज़्यादा आंगनवाड़ी केंद्रों को बेहतर पोषण और प्रारंभिक शिक्षा देने के लिए सुधारा जा रहा है। इसके तहत पोषण भी, पढ़ाई भी जैसी योजनाएं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को अच्छी प्री–स्कूल शिक्षा देने के लिए प्रशिक्षण देती हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम और जननी सुरक्षा योजना जैसी योजनाओं ने खासकर गांवों और पिछड़े इलाकों में सुरक्षित प्रसव और मां की देखभाल सुनिश्चित की है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 12 करोड़ से ज्यादा शौचालय बनाए गए हैं, उज्ज्वला योजना के ज़रिए*

*10 करोड़ से ज़्यादा रसोई गैस कनेक्शन दिए गए, जल जीवन मिशन ने 15 करोड़ से ज़्यादा ग्रामीण घरों तक नल से जल पहुंचाया है, शिक्षा के क्षेत्र में लड़कियों के स्कूल में दाखिले की दर 75.5ः से बढ़कर 78ः हो गई है। सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 4.2 करोड़ से ज़्यादा खाते खोले गए हैं, तीन तलाक को खत्म करना और नारी शक्ति वंदन अधिनियम, जो संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33ः सीटें आरक्षित करता है, यह सफर केवल मदद देने का नहीं है, बल्कि एक ऐसा भारत बनाने का है जहां महिलाएं हर क्षेत्र में नेतृत्व कर सकें। अक्षित की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से नेहा गोस्वामी।*

———————————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकसित कृषि संकल्प अभियान–2025 के तहत आज औरैया सहित चार जिलों में मक्का की फसलों का हवाई सर्वे किया, इसमें कानपुर, औरैया, कन्नौज और हरदोई जनपद शामिल हैं इसके बाद उन्होंने औरैया के अजीत मल में मक्का किसानों से संवाद किया और नई तकनीकों को अपनाने और आय बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उन्हाेंने जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकार किसानों के भविष्य को संवारने और समृद्ध बनाने के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में किसान पहले केवल एक दो फसलों तक सीमित रहते थे, वहीं आज तीसरी फसल मक्का का पांच लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में उत्पादन कर अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं। बाइट...**

*अन्नदाता किसान के जीवन में परिवर्तन का आधार ही यही है। विकसित कृ षि संकल्प अभियान इसी कड़ी का उत्साह है कि हम खेती की लागत को कम करें, उत्पादन बढ़ाएं, उपज को बाजार उपलब्ध करवाएं, किसान को उसकी उपज का अच्छा दाम दिलवाएं, किसान को समय पे बीज मिले, तकनीक मिले और वहाँ अन्नदाता किसान अपने जीवन की खुशहाली के माध्यम से प्रदेश और देश के विकास में अपना योगदान दें और प्रधानमंत्री मोदी जी के विकसित भारत के*

*अभियान को एक नई ऊंचाई तक पहुंचाने का काम करें। यह संकल्प मुझे उत्तर प्रदेश के 20–25 जनपदों में मकई की खेती के माध्यम से देखने को मिल रहा है।*

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रगतिशील किसानों का सम्मान किया और बीज मिनी किट का वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न योजनाओं के पात्रों को अनुदान भी प्रदान किया।

———————

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि राष्ट्र को परम वैभव पर पहुंचाना हमारा लक्ष्य है, इसके लिए सभी को एकजुट होकर काम करना है। उन्होंने इसके लिए बच्चों में संस्कार और परिवार में एकता को जरूरी बताया। सरसंघचालक आज कानपुर के नवाबगंज स्थित दीनदयाल विद्यालय में आयोजित कार्यकर्ता विकास वर्ग में स्वयंसेवकों को संबोधित कर रहे थे।

———————

बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा अपने परिवार संग आज दो दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे। उन्होंने श्रीराम मंदिर और हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन के साथ सरयू स्नान किया। अयोध्या धाम से सीतामढ़ी जनकपुर कॉरिडोर पर उन्होने कहा कि इसके बनने से राम भक्तों को आवागमन की सुविधा मिलेगी। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकास की गति को बढ़ाया है और विरासत का सम्मान किया है। बाइट...

*जय श्रीराम से जय सियाराम तक का हमारी कामना है कि भगवान राम मां जानकी की धरती पर पधारें और उसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, गृह मंत्री जी, जिस तरह से वहां मां जानकी की धरती को भी सजाने का शुरुआत किए हैं तो हम लोग गौरवान्वित हैं। यह सपना यहां से जो कोरिडोर बनेगा अयोध्या से सीतामढ़ी जनकपुर तक का हर राम भक्त को कहीं न कहीं आनंद प्रदान करेगा।*

——————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

——————————

**भारत के शुभांशु शुक्ला सहित तीन अंतरिक्ष यात्री मंगलवार 10 जून को फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से एक्सिओम स्पेस की चौथी मानव अंतरिक्ष उड़ान पर रवाना होंगे। करीब 28 घंटे की यात्रा के बाद ये मिशन बुधवार को भारतीय समय के अनुसार रात 10 बजे अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर उतरेगा। इस मिशन पर जाने वाले चार अंतरिक्ष यात्रियों में शामिल लखनऊ के रहने वाले शुभांशु शुक्ला मिशन को लीड करेंगे। भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष**

स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय होंगे। एक्सिओम मिशन फोर के तहत शुभांशु शुक्ला 14 दिनों तक इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर रहेंगे। इस मिशन पर चुने जाने पर शुभांशु शुक्ला ने कहा कि यह उनके लिए बहुत ही गौरव की बात है। उन्होंने भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री विंग कमांडर राकेश शर्मा को अपना आदर्श बताया। शुभांशु के पिता शम्भू दयाल ने इस मिशन के लिए चुने जाने पर कहा कि उनके परिवार वाले बेहद खुश है, यह उनके लिए गर्व की बात है। बाइट....

*माननीय प्रधानमंत्री जी का यह सहयोग है कि यह मिशन हो रहा है, प्रधानमंत्री का पूरा–पूरा सहयोग है क्योंकि हम लोग त्रिवेन्द्रम गये थे जब उन्होंने फ्लैग मेरे बच्चे को लगाया था उनकी जो है विषय जो भी बहुत हम लोगों को दिल को छू गई थी। उन्होंने हमारे बच्चे को आशिर्वाद जिस तरह से दिया था बहुत ही अच्छा लगा, वो पल हमारे लिए अविस्मरणीय हैं।*

शुभांशु शुक्ला की माता आशा शुक्ला ने कहा कि वह बचपन से बहुत शांत स्वभाव के थे और पढ़ाई में वह हमेशा अव्वल रहे। बाइट–

*पढ़ने में बहुत विलियंट था शुरूआत से ही बहुत ज्यादा हर बार जो है अच्छा रिजल्ट ही आता था, अच्छा लग रहा है इतना वो बिलियंट, इतना मजबूत है अंदर से दृढ़ निश्चय जिसको कहते हैं उसके अंदर कूट–कूट कर भरा हुआ है, इस वजह से हमको भी अच्छा लगता है मैं जानती हूं कि मेरा बेटा जो कर रहा है वो कर ले जायेगा अच्छे से।*

——————————

प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक, प्रवक्ता और सहायक अध्यापक का स्थानान्तरण–सत्र 2025–26 के लिए

ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा। अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि ऑनलाइन स्थानांतरण प्रणाली क अंतर्गत शिक्षक 10 जून से 14 जून तक आवेदन कर सकते हैं। पूरी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद स्थानांतरण आदेश भी ऑनलाइन माध्यम से ही जारी किए जाएंगे।

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में चल रहे टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत सुल्तानपुर में क्षय रोग नियंत्रण को लेकर सकारात्मक परिणाम सामने आये है। जिले में 90 प्रतिशत मरीज अब टीबी मुक्त है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ0 राकेश कनौजिया ने बताया कि जांच के लिये अत्याधुनिक लैब और एक्स–रे कक्ष स्थापित किये गये हैं। चिन्हित मरीजों को छह माह से दो वर्ष तक निःशुल्क दवाएं दी जा रही है। बाइट.....

*100 दिवसीय अभियाना चलाया गया जो घर–घर हमारी जो है आशा या हेल्थ वर्कर रूट लेवल पेएक्टिविटी हुई, जिसमेंटीबी के जो लक्षण वाले मरीज थे, उनको जब जांच कराई गई और जो भी सामने आये, इसका बहुत बढ़िया परिणाम मिला, उनको हम जल्दी–जल्दी जांच करके हम उनका ट्रीटमेन्ट शुरू कर दिये और उस पेशन्ट को आराम मिला। पहले जो है पांच सो रूपये महीना हरपेशन्ट को डिवनिंग ट्रीटमेन्ट मिलता था, लेकिन अब इसके लिए एक हजार रूपये महीना लोगों को मिल रहा है और हमारे यहां सारी दवाईयां उपलब्ध हैं, हर जगह पर उपलब्ध हैं, पेशन्ट सभी प्राप्त कर रहे हैं।*

————————

प्रदेश के अधिकांश जिले इन दिनां भीषण गर्मी की चपेट में है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में तापमान में बढ़ोत्तरी होने की चेतावनी जारी की है। विभाग ने कल से प्रदेश के कई इलाकों में लू चलने की संभावना भी जताई है। इस बीच अधिकतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी का भी अनुमान है।

——————————